डीपीएस भोपाल ने जीता टीसीएस आईटी विज 2016 का इंदौर एडिशन

इंदौर । आई टी सर्विसेस, कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल क्विज का आयोजन किया गया। मंगलवार, 27 सितंबर को डीएवीवी युनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के करीब 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीसीएस आईटी विज कक्षा 8-12 में पढने वाले सभी हाई स्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था। रीजनल फाइनल्स में क्विज के पांच राउंड्स पूरे करने के बाद डीपीएस भोपाल के निश्चय एस तथा हार्दिक पी ने इस टाइटल को जीतने में सफलता पाई। इस वर्ष रीजनल स्तर के चैम्पियंस को आई पैड एयर जबकि रनर्स-अप का किताब पाने वाले सैकरेड हार्ट स्कूल दस्त्रोटाड्ट के अनिमेश तथा यश को आई पैड मिनी पुरस्कार स्वरुप दिए गए. साथ ही विजेताओं को विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफीज और मैडल्स भी प्रदान किये गए। टीसीएस के वाईस प्रसिडेंट,हेड ऑफ बिजनेस ऑपरेशन फॉर मुंबई एंड कॉर्पोरेट सेफ्टी लिडर,चैतन्य साठे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्विज का संचालन प्रख्यात क्विज मास्टर गिरी पिक्ब्रेन बालासुब्रह्मण्यम ने किया।